File No. SoJMC&NM/2-6/CUHP/12/695

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

(Accredited by NAAC with 'A+' Grade with CGPA of 3.42)

पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

धर्मशाला – 176215 **दिनांक: 11 मार्च, 2025**

सूचना

पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल के अंतर्गत नव मीडिया विभाग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अध्ययनरत द्वितीय एवं चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक https://www.cuhimachal.ac.in/admin/assets/uploads/docs/20221219105953daee497ca4.pdf के अंतर्गत उपलब्ध निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर **फ्री-शिप/शुल्क मुक्ति (शैक्षणिक वर्ष 2024-25)** हेतु आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन प्रपत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित विभाग में किसी भी कार्यदिवस में जमा करवा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **31 मार्च 2025** है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

न्यूनतम पात्रता:

क. आवेदनकर्ता स्नातक/स्नातकोत्तर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए।

ख. सभी स्रोतों से उसकी / उस के परिवार की वार्षिक आय रुपए 5.00 लाख सेअधिक नहीं होनी चाहिए।

ग. आवेदनकर्ता किसीअन्य स्रोत से छात्रवृत्ति(याँ) / वित्तीय सहायता(यें) आदि प्राप्त न करता हो।

घ. प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थी के पात्रता परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक होने चाहिए।

ङ. तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थी द्वारा पिछले सेमेस्टरों की संयुक्त मेरिट में न्यूनतम 55% अंक (बी+ ग्रेड) का स्कोर होना चाहिए साथ ही वह उस के द्वारा पिछले सेमेस्टरों में लिए गए सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करती/करता हो, उसका आचरण संतोषजनक होना चाहिए और वह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल का उल्लंघन करने वाली किसी भी प्रकार की गतिविधि में शामिल नहीं होनी/होना चाहिए। इसकेअतिरिक्त वह पिछले सेमेस्टरों के दौरान लिए गए सभी पाठ्यक्रमों में न्यूनतम 75% अनिवार्य उपस्थिति की शर्त को पूरा करती/करता हो।

अधिष्ठाता,
पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल

प्रतिलिपि:

1) सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट।
2) विभागाध्यक्ष, नव मीडिया विभाग/पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3) अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
4) अधिष्ठाता, अकादमिक, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
5) वित्त अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
6) कुलसचिव महोदय, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
7) सहायक कुलसचिव- कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति महोदय की सूचनार्थ प्रेषित।
8) कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय की सूचनार्थ प्रेषित।

अधिष्ठाता,
पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल